## महत्वपूर्ण एवं खास

## सुनीति सत्यानंद राठिया ने किया मड़ियाकछार पूल का भूमिपूजन

लैलूंगा। विकासखंड के दो विकासखंड को जोड़ने वाली प्रमुख पुलिया ग्राम पंचायत मड़ियाकछार व विकासखंड तमनार के ग्राम पेलमा के बीच मे बनने वाली सेतु पुल जिसकी मांग लंबे समय से थी जिसका भूमिपूजन अनेक बार कोंग्रेश के नेताओ द्वारा किया गया लेकिन पुल नही बनवा पाय उक्त मांग को प्रमुखता से लेते हुए वर्तमान विधायक श्रीमति सुनीति सत्यानंद राठिया के अथक प्रयास से उक्त पुल की स्वीकृति डॉ रमन सिंह के आशिर्वाद व लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत के अनुशंसा से प्राप्त हुई जिसका भूमिपूजन आज माननीय विधायक श्रीमति सुनीति सत्यानंद राठिया के कर कमलों से हुआ व तत्काल निर्माण कार्य कार्यपालन अभियंता श्री तिवारी की उपस्थिति में चालू करवाया गया आज पूरे छेत्र में खुशि का माहौल निर्मित था जनता ने बताया कि यह पुलिया के बन जाने से हमे काफी लाभ मिलेगा यह मांग हमारी बहुत पुरानी थी लेकिन ओर किसी विधायक ने यह कार्य नही करवा पाया हमारे हर सुख दुख में खड़े रहने वाली विधायक सुनीति सत्यानन्द राठिया ने यह काम कर के दिखाया हम सभी ग्रामवासी विधायक जी का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करते है और सदैव इनके आभारी रहेंगे श्रीमति राठिया ने अपने उद्बोधन में कहा आज मुझे खुसी मिली कि मेरे प्रयास ओर डॉ रमन सिंह के आशिर्वाद से यह पुल की सौगात मिली व आज इसका भूमिपूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ग्राम वासी की प्रमुख मांग पुर्ण हुई मेरा यही प्रयास रहता है कि में सदैव अपने छेत्र के विकास के लिये अग्रसर व प्रयासरत रहू जनता ने मुझे जिस कार्य के लिये मुझे इस छेत्र का विधायक बनाया है में उसका सही तरीके से निर्वाहन कर सकू इसी में मुझे सुखद अनुभूति होती है जनता की सेवा ही में धर्म है जनता का आशिर्वाद सदैव बने रहे व छेत्र का विकास निरन्तर आगे अग्रसर रहे गा श्रीमति राठिया ने सभी ग्रामवाशियो को पुल की बधाई दी व साथ ही निर्माणकर्ता को गुणवत्ता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया आज के इस भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक के साथ पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया जिला पंचायत सदस्य उतरा अरुण राय जनपद अध्यक्ष शांता साय उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि ललित यादव महामंत्री सतीश साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज महामंत्री दिनेश यादव नूतन प्रधान एल्डरमैन रायगढ़ मनीष शर्मा एल्डरमैन उमेश मित्तल युवा नेता थबिरो यादव रिंकु बानी चक्रधर राठिया प्रमोद पण्डा यडलालनायक देहरी जी व अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी अधिकारी मौजूद रहे।





## जिले में अघोषित बिजली कटौती को लेकर युवा कांग्रेस ने हल्ला बोला

**राज्य सरकार के कथित विकास के दावों को बिजली विभाग धत्ता बताने में तुला, लगातार बिजली कटौती से आमजन परेशान-युवा-कांग्रेस**

रायगढ़। जिले में लगातार अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों को हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 31मई 2018 को जिला युवा कांग्रेस द्वारा सहायक यंत्री विद्युत विभाग को ज्ञापन देकर शहर-गांव की अघोषित बिजली कटौती में तत्काल सुधार किये जाने की मांग की गयी। जिला सचिव महेंद्र यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों ने सहायक यंत्री से गुंजन शर्मा से मुलाकात कर शहर की बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द दूरस्थ करने की मांग की है,और विद्युत विभाग में लगे टेलीफोन को लेकर ये कहा गया कि आपके कर्मचारी गन फोन को नही उठाते और न ही कोई जवाब देते है जिससे लोगो को ये जानकारी नही मिल पाती की किस कारण से बिजली कटौती की गई है ,



निवेदन है की उक्त अब्यवथित विद्युत आपूर्ति का सुचारू रूप से संचालन एवं रात्रिकालीन समय से डयूटी पर उपस्थित कर्मचारी से समस्या समाधान हेतु बाध्य होना सुनिश्चित करे। अन्यथा जिला युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। उपस्थित युवा कांग्रेसी विधानसभा सभा अध्यक्ष रानू यादव, जिला महासचिव कौशिक भौमिक, जिला सचिव योगेश चौहान, जिला सचिव मुकेश बरेठ, जिला सचिव अनिल शाव, महासचिव अमन बंजारे, मीडिया सेल से शिवम भट्ट, संजू साहू,अमित, विजय, सावन, ओम, देवेश, उपस्थित थे। गौरतलब हो कि जिला युवा कांग्रेस रायगढ़ के कार्यकर्ता बीते वर्षो से विभिन्न सामाजिक समस्याओं, गलत प्रशासनीक क्रियाकलापो के अलावा आम जनों से जुड़ी मूलभूत समश्याओं, प्रांतीय-राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मुखर रूप से लगातार सक्रिय प्रदर्शन कर रहे है।

# 48 घंटों के भीतर भारी बारिश की चेतावनी, मॉनसून पहुंचा तटीय राज्यों में!

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम मानसून मंगलवार को अपने तय समय से तीन दिन पहले केरल पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अब मानसून राज्य के तटीय इलाकों की ओर बढ़ रहा है। इन इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अगले 48 घंटे में यह कर्नाटक, उत्तर-पूर्व राज्यों के कुछ हिस्सों और बंगाल की खाड़ी पर भी छा जाएगा।



कर्नाटक के तटीय जिलों मेंगलोर और उडुपी में मंगलवार को करीब नौ घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, जिससे बाढ़ जैसे हालात हो गए। बीते 10 साल में यहां एक दिन में 10 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज नहीं हुई। खराब मौसम के चलते बुधवार को स्कूलों की छुट्टी की घोषणा की गई है। वहीं उड़ाने और ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

निजी एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अरब सागर में बना गहरा निम्न दबाव आने वाले दिनों में मानसून को पश्चिमी तटों पर आगे की ओर ले आएगा। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते मानसूनी हवाएं तेजी से आगे बढ़ेंगी। इससे जून के पहले सप्ताह में पूर्वोत्तर राज्यों में भी कुछ स्थानों पर मानसूनी बारिश शुरू हो जाएगी।

बता दें कि मौसम विभाग ने गत 16 अप्रैल को मानसून के पहले चरण में जून से सितंबर के लिये बारिश का दीर्घकालिक औसत पूर्वानुमान जारी किया था। इस चरण में बारिश की मात्रा औसत अनुमान से 96 प्रतिशत से 104 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना जतायी गयी थी। दूसरे चरण में जुलाई से अगस्त की अवधि के लिये आज जारी दीर्घकालिक औसत पूर्वानुमान के तहत मौसम के लिहाज से देश के चार भौगोलिक क्षेत्रों में उत्तर पश्चिमी और मध्य भारत क्षेत्र में औसत बारिश का अनुमानित स्तर लगभग शतप्रतिशत रहने के अलावा दक्षिणी प्रायदीप क्षेत्र में इसका स्तर 95 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 93 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। विभाग ने मासिक आधार पर जुलाई महीने में देश में औसत बारिश का स्तर सामान्य अनुमान का 101 प्रतिशत और अगस्त में 94 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। विभाग के मानकों के मुताबिक देश में बारिश का सामान्य औसत स्तर 89 सेमी है। यह स्तर वर्ष 1951 से 2000 के बीच हुई बारिश की औसत मात्रा के मुताबिक नियत किया गया है।

## आईएसआई की जासूस माधुरी गुप्ता को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत, सितंबर में होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जाससी करने के आरोप में तीन साल की सजा पाने वाली पूर्व राजनयिक को दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत पर छोड़ दिया है। माधुरी की ओर से दोषसिद्धी के खिलाफ अपील पर अगली सुनवाई सितंबर में की जाएगी। पूर्व राजनयिक माधुरी गुप्ता को ट्रायल कोर्ट ने आईएसआई को संवेदनशील जानकारी देने का दोषी ठहराया था। बता दें कि ट्रायल कोर्ट के मामले को माधुरी गुप्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। माधुरी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में सेवाएं चुकी हैं, और वहां सेकेण्ड सेक्रेटरी (प्रेस एंड इन्फोर्मेशन) रही हैं। दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें राष्ट्र हितों के साथ समझौता करने का दोषी करार दिया था।



## कैराना-नूरपुर में जीत पर बोले अखिलेश, 'यह अहंकारी सत्ता के अंत की शुरुआत'

नई दिल्ली। कैराना और नूरपुर के उपचुनाव में बीजेपी को पराजित करने के बाद विपक्ष की तमाम पार्टियों के बीच खुशी का माहौल है। कैराना की जीत ने जहां विपक्ष को समूचे प्रदेश में एक राजनीतिक संजीवनी दे दी है, वहीं दूसरी ओर अब विपक्ष के तमाम नेताओं ने भी इस जीत के सहारे बीजेपी की घेराबंदी शुरू कर दी है। कैराना और नूरपुर के चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवारों की विजय के बाद यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इन चुनाव परिणामों को बीजेपी की सत्ता के अंत की शुरुआत बताया है। गुरुवार दोपहर कैराना लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद यूपी के सीएम अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हुए दोनों ही क्षेत्रों की जनता को उनके जनादेश के लिए धन्यवाद किया। इसके साथ ही अखिलेश ने इन चुनाव परिणामों के बहाने प्रदेश और केंद्र की सत्ता पर काबिज बीजेपी पर निशाना भी साधा। अखिलेश ने अपने ट्वीट में लिखा, 'कैराना और नूरपुर की जनता, कार्यकर्ताओं, उम्मीदवारों और सभी एकजुट दलों को जीत की हार्दिक बधाई। कैराना में सत्ताधारियों की हार उनकी अपनी ही प्रयोगशाला में, देश को बाँटने वाली उनकी राजनीति की हार है. ये एकता-अमन में विश्वास करने वाली जनता की जीत और अहंकारी सत्ता के अंत की शुरुआत है।'



## भाई ने तीन बहनों पर बरसाई गोलियां, एक की मौत

बरेली (आरएनएस)। बदायूं में एक युवक पर ऐसा खून सवार हुआ कि उसने अपनी तीन बहनों पर ताबड़तोड़ गालियां बरसा दीं। वह भी तब, जब से इन सबसे अंजान सो रही थीं। अचानक वह पहुंचा और लगातार कई गोलियां चलाई, इसके बाद वह फरार हो गया।

**न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की**

**खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।**

**स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090**

# अहमदाबाद, साउथ बिहार पैसेंजर बनकर चलेगी रायगढ़ तक

रायगढ़। बिलासपुर इस माह रेल मार्ग से यात्रा करने की प्लानिंग कर रहे यात्रियों के लिए अपडेट करने रेल्वे ने 15 दिनों पूर्व यह खबर जारी की है। बिलासपुर-रायगढ़ सेक्शन में तीसरी लाइन का रख-रखाव व मरम्मत कार्य किया जाना है। इसके लिए रेलवे ने कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया है तो कुछ को निर्धारित स्टेशनों से पहले ही सीमित कर दिया है। तो कुछ को निर्धारित स्टेशनों से पहले ही सीमित कर दिया है। इसका असर हावड़ा -मुम्बई मार्ग से जाने वाली 15 ट्रेन प्रभावित रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर मंडल अंतर्गत बिलासपुर रायगढ़ सेक्शन में यह कार्य किया जाना है। इसके तहत किरोड़ीमलनगर व रायगढ़ स्टेशन के बीच तीसरी लाइन में आवश्यक रख-रखाव का कार्य किया जाना है। मरम्मत कार्य की वजह से इस दिशा से होकर जाने व आने वाली कई ट्रेनों को प्रभावित किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के मेन लाइन सेक्शन की तीसरी लाइन और सीआईसी सेक्शन के दोहरी लाइन में आवश्यक मरम्मत के लिए मेगा ब्लाक करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 13 से 27 जून तक कई ट्रेन प्रभावित होंगे। इन दिनों में बिलासपुर से कांटाभांजी जाने वाली टिटलागढ़ पैसेंजर बिलासपुर से संबलपुर तक नहीं चलेगी। इसके अलावा मेमू दोनों दिशा, हावड़ा कुर्ला ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस 16, 18, 19, 22, 23, एवं 25 जून दोनों दिशा रद्द, पोरबंदर हावड़ा एक्सप्रेस पोरबंदर से 4 दिन के लिए रद्द, एवं अन्य ट्रेन रद्द रहेगी। इसमे कुछ ट्रेन अपने निर्धारित स्टेशन से पूर्व ही रद्द की गई है। वही जन शताब्दी आधे घंटे विलंब से छुटेगी।

### यह ट्रेन रहेगी दोनों दिशा में रद्द

कुर्ला एक्सप्रेस, पोरबंदर एक्सप्रेस, बिलासपुर टिटलागढ़ पैसेंजर, टाटा-इतवारी पैसेंजर, रायगढ - बिलासपुर मेमू लोकल, झारसगुड़ा गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन दोनों दिशा में रद्द रहेगी।

### दो एक्सप्रेस ट्रेन को बनाया गया है पैसेंजर

मरम्मत कार्य को देखते हुए रेल प्रबंधन ने ट्रेन के करने वाले यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर रखते हुए 13 से 27 जून तक हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस को झारसगुड़ा से रायगढ़ के मध्य पैसेंजर बनाकर चलाया जायेगा। वही साउथ बिहार एक्सप्रेस को चांपा एवं झारसगुड़ा के मध्य पैसेंजर बनाकर चलाने का निर्णय लिया है।

## फीफा विश्व कप 2018 : जानिए, कौन टीम है किस ग्रुप में, कब से कब तक होगा मैच!

नई दिल्ली। यूरोपियन फुटबॉल सीजन खत्म होने के बाद अब वक्त आ गया है साल के सबसे बड़े खेल आयोजन यानी 2018 फीफा वर्ल्ड कप का। जहां दुनिया की श्रेष्ठ फुटबाल टीमें वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से जोर आजमाइश करेंगी।




इस बार का फुटबॉल वर्ल्ड कप पिछली बार से कई मायनों में खास होगा। इस बार ये आयोजन 14 जून से 15 जुलाई 2018 तक चलेगा। इस दौरान टीमों के बीच कुल 64 मुकाबले होंगे। आगाज मेजबान रूस और सऊदी अरब के बीच होने वाले मैच से होगा।

फीफा वर्ल्ड कप 2018 में कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिन्हें अलग-अलग आठ ग्रुपों में बांटा गया है। एक ग्रुप में कुल चार टीमें रहेंगी। हर ग्रुप से चोटी की दो टीमें सीधे नॉकआउट स्टेज में जाएंगी। फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले 11 और 12 जुलाई को खेले जाएंगे। वहीं खिताबी जंग 15 जुलाई को होगी।

पिछली बार की चैंपियन जर्मनी अपने अभियान का आगाज मैक्सिको के खिलाफ 17 जून को करेगी। वहीं फुटबॉल इतिहास की सबसे कामयाब टीम ब्राजील, जो पांच बार वर्ल्ड कप का खिताब जीत चुकी है, वो अपना पहला मैच स्विटजरलैंड से खेलेगी।

इस बार स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और बेल्जियम की नजरें भी खिताब पर नजरें होंगी। ये टीमें फुटबॉल वर्ल्ड कप में हमेशा से ही अच्छा करती हैं। इस बार भी वर्ल्ड कप से पहले इन टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

